**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)** 7375 10/12/2025

**संचिका सं0** : 03/भू0अ0नि0 (2) राज्य योजना (अररिया) –75/2020.......**पटना, दिनांक:**

# आदेश

बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया के पत्रांक 135–I दिनांक 17.10.2024 द्वारा श्री विकाश कुमार (AEN07742), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित किया गया।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय के पत्रांक 14712 दिनांक 20.12.2024 द्वारा श्री कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गयी। श्री कुमार के द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण इस कार्यालय के पत्रांक 2059 दिनांक 09.05.2025 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी से स्पष्ट मंतव्य की मांग की गयी है।

बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया के पत्रांक 349–II दिनांक 24.05.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है। मंतव्य में अंकित किया गया है कि श्री कुमार दिनांक 04.07.2024 को बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया में योगदान समर्पित कर दिनांक 16.10.2024 से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। निदेशालय पत्रांक 685 दिनांक 17.03.2022 के अनुसार श्री कुमार को आकस्मिक अवकाश को छोड़कर अन्य अवकाश अनुमान्य नहीं है।

बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एवं समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसके लिए योजना की अवधि निर्धारित है। इनके इस तरह के कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य पर कुप्रभाव पड़ने को दृष्टिगत रखते हुए इनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए ऐसे संविदा कर्मी को संविदा में बनाये रखना उचित नहीं है।

अतएव **''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली–2019''** के नियम 8(4) के तहत इतनी लंबी अवधि तक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण श्री विकाश कुमार (AEN07742), विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

9/12

**(जे0 प्रियदर्शिनी)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (2) राज्य योजना (अररिया) –75/2020 7375 **पटना, दिनांक:** 10/12/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0)/श्री विकाश कुमार (AEN07742), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, अररिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/12

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (2) राज्य योजना (अररिया) –75/2020 7375 **पटना, दिनांक:** 10/12/2025

**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

9/12

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप